नशा मुक्त भारत अभियान

नई किरण नशा मुक्ति केंद्र, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर

# लोकसंकल्प

## नशे की सामाजिक स्वीकृति के विरुद्ध जनआंदोलन

नशे को नहीं, संस्कारों को सामाजिक स्वीकृति

## ग्राम लोकसंकल्प समिति एवं सामुदायिक नेतृत्व

**मेरा गांव – मेरा परिवार – मेरा संकल्प – नशामुक्त समाज**

loksankalp.org

# ग्राम लोकसंकल्प समिति एवं सामुदायिक नेतृत्व

## गांव को नशामुक्त सामाजिक परिवर्तन का केंद्र बनाने की कार्यपुस्तिका

**संदेश**

**जब गांव जागता है, तब समाज बदलता है।**

**नशामुक्ति का सबसे मजबूत मंच – संगठित समुदाय।**

**सभा से संकल्प, समिति से परिवर्तन।**

**एक समिति, अनेक संकल्प, सतत परिवर्तन।**

www.loksankalp.org

विषय-सूची


| | | |
|---|---|---|
| | समर्पण | 3 |
| | प्रस्तावना | 3 |
| 1 | अध्याय 1 : ग्राम लोकसंकल्प समिति क्या है? | 3 |
| 2 | अध्याय 2 : समिति की आवश्यकता क्यों? | 3 |
| 3 | अध्याय 3 : समिति की संरचना | 4 |
| 4 | अध्याय 4 : समिति के प्रमुख उद्देश्य | 4 |
| 5 | अध्याय 5 : समिति की प्रमुख जिम्मेदारियाँ | 4 |
| 6 | अध्याय 6 : समिति की पहली बैठक | 4 |
| 7 | अध्याय 7 : मासिक बैठक मॉडल | 5 |
| 8 | अध्याय 8 : ग्राम कार्ययोजना | 5 |
| 9 | अध्याय 9 : नशामुक्त सामाजिक आयोजन अभियान | 5 |
| 10 | अध्याय 10 : सफलता कहानी मॉडल | 5 |
| 11 | अध्याय 11 : नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों की सहायता | 6 |
| 12 | अध्याय 12 : युवा स्वयंसेवक दल | 6 |
| 13 | अध्याय 13 : विद्यालय और समिति की साझेदारी | 6 |
| 14 | अध्याय 14 : दस्तावेजीकरण एवं डिजिटल सहभागिता | 6 |
| 15 | अध्याय 15 : वार्षिक समीक्षा | 7 |
| | ग्राम समिति संकल्प | 7 |
| | हमारा लक्ष्य | 7 |
| | लोकसंकल्प ग्राम मंत्र | 7 |
| | अंतिम आह्वान | 7 |

## समर्पण

यह पुस्तिका उन शिक्षकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, ग्राम समुदायों, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को समर्पित है जो नशे की सामाजिक स्वीकृति को चुनौती देकर स्वस्थ, सुरक्षित और उत्तरदायी समाज के निर्माण का संकल्प लेते हैं।

## प्रस्तावना

लोकसंकल्प केवल एक जागरूकता अभियान नहीं है। यह एक सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन आंदोलन (Community Behaviour Change Movement) है, जिसका उद्देश्य नशे की सामाजिक स्वीकृति को चुनौती देकर स्वस्थ, जागरूक और उत्तरदायी समाज का निर्माण करना है।

अनुभव बताता है कि कोई भी सामाजिक परिवर्तन केवल एक कार्यक्रम, रैली, शपथ या भाषण से स्थायी नहीं बनता। परिवर्तन तब स्थायी बनता है जब वह समुदाय की सोच, व्यवहार और सामाजिक मान्यताओं का हिस्सा बन जाए।

नशे की समस्या भी केवल स्वास्थ्य या कानून व्यवस्था का विषय नहीं है। यह परिवार, मित्र समूह, सामाजिक वातावरण, सांस्कृतिक मान्यताओं और सामुदायिक व्यवहार से गहराई से जुड़ी हुई है। इसलिए इसका समाधान भी सामुदायिक स्तर पर ही अधिक प्रभावी ढंग से संभव है।

इसी उद्देश्य से लोकसंकल्प प्रत्येक गांव में ग्राम लोकसंकल्प समिति के गठन का आह्वान करता है।

यह समिति गांव में नशामुक्ति जनजागरण, परिवार आधारित संवाद, युवा नेतृत्व विकास, नशामुक्त सामाजिक आयोजनों को प्रोत्साहन, प्रेरक सफलता कहानियों के प्रसार तथा लोकसंकल्प गतिविधियों के सतत संचालन का कार्य करेगी।

लोकसंकल्प का विश्वास है—

> **"जब गांव स्वयं परिवर्तन का नेतृत्व करता है, तभी परिवर्तन स्थायी बनता है।"**

www.loksankalp.org

## 1 अध्याय 1 : ग्राम लोकसंकल्प समिति क्या है?

ग्राम लोकसंकल्प समिति गांव के जागरूक नागरिकों, शिक्षकों, युवाओं, महिलाओं, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक नेतृत्व का एक स्वैच्छिक, सकारात्मक और गैर-राजनीतिक मंच है।

इसका उद्देश्य है—

- नशे की सामाजिक स्वीकृति को चुनौती देना
- नशामुक्त सामाजिक वातावरण का निर्माण
- युवाओं को सकारात्मक अवसरों से जोड़ना
- परिवारों में संवाद और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना
- ग्राम स्तर पर सतत जनसंवाद चलाना
- नशा छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को सहायता से जोड़ना
- लोकसंकल्प गतिविधियों का दस्तावेजीकरण और प्रसार करना

## 2 अध्याय 2 : समिति की आवश्यकता क्यों?

अनेक सामाजिक अभियान एक कार्यक्रम के बाद समाप्त हो जाते हैं। लेकिन सामाजिक परिवर्तन एक सतत प्रक्रिया है।

यदि ग्राम लोकसंकल्प सभा आयोजित हो जाए और उसके बाद कोई संवाद, बैठक या गतिविधि न हो तो उसका प्रभाव सीमित रह जाएगा।

स्थायी परिवर्तन के लिए आवश्यक है—

- नियमित बैठकें
- स्थानीय नेतृत्व
- सामुदायिक सहभागिता
- युवाओं की सक्रिय भूमिका
- परिवारों की भागीदारी
- निरंतर जनसंवाद

ग्राम लोकसंकल्प समिति इसी निरंतरता का माध्यम है।

## 3 अध्याय 3 : समिति की संरचना

### संरक्षक

- सरपंच / ग्राम पंचायत प्रतिनिधि
- प्रधानाचार्य / वरिष्ठ शिक्षक

### समन्वयक

- शिक्षक

या

- सामाजिक कार्यकर्ता

### सदस्य

- शिक्षक प्रतिनिधि (2)
- विद्यार्थी प्रतिनिधि (2)
- युवा प्रतिनिधि (2)
- महिला प्रतिनिधि (2)
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता
- आशा सहयोगिनी
- स्वयं सहायता समूह प्रतिनिधि
- वरिष्ठ नागरिक
- ग्राम पंचायत प्रतिनिधि
- अन्य इच्छुक नागरिक

www.loksankalp.org

### विशेष सिद्धांत

समिति में महिलाओं, युवाओं तथा सभी समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## 4 अध्याय 4 : समिति के प्रमुख उद्देश्य

नशे की सामाजिक स्वीकृति को कम करना।

नशामुक्त सामाजिक आयोजनों को प्रोत्साहित करना।

युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना।

परिवारों में संवाद को बढ़ावा देना।

नशा छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों की सहायता करना।

विद्यालय और समुदाय के बीच सहयोग बढ़ाना।

ग्राम स्तर पर सतत जनजागरण बनाए रखना।

## 5 अध्याय 5 : समिति की प्रमुख जिम्मेदारियाँ

- मासिक बैठक आयोजित करना।
- ग्राम संवाद कार्यक्रम चलाना।
- युवा गतिविधियों का आयोजन करना।
- अभिभावक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना।
- नशामुक्त सामाजिक आयोजनों को प्रोत्साहित करना।
- सफलता कहानियों का संकलन करना।
- सहायता और परामर्श सेवाओं से जोड़ना।
- गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करना।
- फोटो, वीडियो और विवरण लोकसंकल्प पोर्टल पर साझा करना।

## 6 अध्याय 6 : समिति की पहली बैठक

पहली बैठक समिति की दिशा और कार्यसंस्कृति तय करती है।

बैठक का एजेंडा—

- परिचय
- लोकसंकल्प अभियान का परिचय
- समिति गठन
- कार्य विभाजन
- वार्षिक कार्ययोजना
- डिजिटल पंजीकरण
- अगली बैठक की तिथि

## 7 अध्याय 7 : मासिक बैठक मॉडल

| | |
|---|---|
| **बैठक अवधि** | 60 मिनट |
| **पिछले माह की समीक्षा** | 10 मिनट |
| **नई जानकारी** | 10 मिनट |
| **ग्राम स्थिति चर्चा** | 15 मिनट |
| **आगामी गतिविधियाँ** | 15 मिनट |
| **सफलता कहानियाँ** | 10 मिनट |

बैठक के बाद उपस्थिति, कार्यवृत्त, फोटो एवं प्रमुख निर्णय सुरक्षित रखे जाएँ।

www.loksankalp.org

## 8 अध्याय 8 : ग्राम कार्ययोजना

प्रत्येक समिति वार्षिक कार्ययोजना बनाए।

जिसमें शामिल हो—

- रैली
- संवाद
- विद्यालय गतिविधियाँ
- निबंध प्रतियोगिता
- पोस्टर प्रतियोगिता
- खेल गतिविधियाँ
- करियर मार्गदर्शन
- अभिभावक बैठक
- गुड पेरेंटिंग सत्र
- नशामुक्त सामाजिक आयोजन अभियान

## 9 अध्याय 9 : नशामुक्त सामाजिक आयोजन अभियान

लोकसंकल्प का एक प्रमुख उद्देश्य है—

> **“नशे की मनुहार की परंपरा समाप्त करना।”**

विवाह, सामाजिक समारोह, पारिवारिक कार्यक्रम और सामुदायिक आयोजनों को नशामुक्त बनाने हेतु सम्मानजनक संवाद चलाया जाए।

यह अभियान टकराव नहीं, संवाद का अभियान है।

## 10 अध्याय 10 : सफलता कहानी मॉडल

लोकसंकल्प केवल समस्याओं पर नहीं, समाधानों पर भी ध्यान देता है।

सफलता कहानियों के संभावित उदाहरण—

- नशामुक्त विवाह
- महिला समूह नेतृत्व

- नशा छोड़ने वाला युवक
- प्रेरक विद्यालय अभियान
- ग्राम स्तरीय सामूहिक संकल्प

इनका दस्तावेजीकरण कर साझा किया जाए।

## 11 अध्याय 11 : नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों की सहायता

समिति का कार्य केवल जागरूकता नहीं, सहयोग भी है।

समिति—

- व्यक्ति की बात सुने
- परिवार से संवाद करे
- उचित सहायता का सुझाव दे
- उपलब्ध सेवाओं तक पहुँच बनाने में सहयोग करे
- सकारात्मक फॉलो-अप रखे

सार्वजनिक अपमान, उपहास और गोपनीय जानकारी साझा करने से बचा जाए।

www.loksankalp.org

## 12 अध्याय 12 : युवा स्वयंसेवक दल

प्रत्येक गांव में युवा स्वयंसेवकों का समूह बनाया जा सकता है।

कार्य—

- नशामुक्ति संदेश
- खेल गतिविधियाँ
- डिजिटल जागरूकता
- पर्यावरण कार्यक्रम
- सामाजिक सेवा
- नेतृत्व विकास

## 13 अध्याय 13 : विद्यालय और समिति की साझेदारी

विद्यालय लोकसंकल्प का प्रमुख केंद्र है।

विद्यालय—

- जीवन कौशल शिक्षा
- अभिभावक संवाद
- युवा क्लब
- निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताएँ
- शिक्षक नेतृत्व

के माध्यम से समिति को सशक्त बना सकते हैं।

## 14 अध्याय 14 : दस्तावेजीकरण एवं डिजिटल सहभागिता

लोकसंकल्प का उद्देश्य केवल गतिविधियाँ करना नहीं, बल्कि प्रेरक उदाहरणों का प्रसार करना भी है।

इसलिए समिति निम्न सामग्री साझा करे—

- समिति गठन
- मासिक बैठकें
- ग्राम सभाएँ
- विद्यालय गतिविधियाँ
- युवा कार्यक्रम
- नशामुक्त सामाजिक आयोजन
- सफलता कहानियाँ
- प्रेरक वीडियो

### डिजिटल मंच

सभी गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण, फोटो एवं वीडियो नियमित रूप से [loksankalp.org](http://loksankalp.org/) पर साझा किए जाएँ।

## 15 अध्याय 15 : वार्षिक समीक्षा

वर्ष में एक बार समिति स्वयं मूल्यांकन करे—

- कितनी बैठकें हुईं?
- कितने कार्यक्रम हुए?
- कितने परिवार जुड़े?
- कितने युवा सक्रिय हुए?
- कितनी सफलता कहानियाँ दर्ज हुईं?
- कितने नशामुक्त आयोजन हुए?

## ग्राम समिति संकल्प

हम अपने गांव में नशे की सामाजिक स्वीकृति को समाप्त करने, युवाओं को सकारात्मक अवसरों से जोड़ने, परिवारों को सशक्त बनाने तथा सतत जनसंवाद के माध्यम से स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त सामाजिक वातावरण के निर्माण हेतु सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

## हमारा लक्ष्य

www.loksankalp.org

- हर गांव में समिति
- हर माह बैठक
- हर विद्यालय सहभागिता
- हर परिवार संवाद
- हर युवा को अवसर
- हर सामाजिक आयोजन नशामुक्त
- हर गतिविधि का दस्तावेजीकरण
- हर गांव की प्रेरक कहानी का प्रसार

## लोकसंकल्प ग्राम मंत्र

- हर गांव – लोकसंकल्प गांव
- बैठक से बदलाव, संवाद से समाधान
- जनभागीदारी ही जनपरिवर्तन
- नशामुक्त गांव, सशक्त गांव
- सभा से संकल्प, समिति से परिवर्तन

## अंतिम आह्वान

यदि प्रत्येक गांव में एक सक्रिय समिति बने,

यदि प्रत्येक माह संवाद हो,

यदि प्रत्येक विद्यालय सहभागिता करे,

यदि प्रत्येक परिवार तक संदेश पहुँचे,

तो नशामुक्त समाज का लक्ष्य दूर नहीं है।

आइए, हम सब मिलकर नशे की सामाजिक स्वीकृति के विरुद्ध जन-आंदोलन को मजबूत करें और स्वस्थ, जागरूक तथा उत्तरदायी समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ।

## मेरा गांव – मेरा परिवार – मेरा संकल्प – नशामुक्त समाज।

लोकसंकल्प — नशे की सामाजिक स्वीकृति के विरुद्ध जनआंदोलन।

## जय हिन्द।

www.loksankalp.org

loksankalp.org · X @loksankalp26 · Facebook /LokSankalp26 · Instagram @loksankalp26

वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें

loksankalp.org

द्वारा

### प्रोफ़ेसर श्यामसुन्दर ज्याणी

(संयुक्त राष्ट्र द्वारा भूमि संरक्षण के सर्वोच्च सम्मान "लैंड फॉर लाइफ अवार्ड" से सम्मानित)

संयोजक

नई किरण नशा मुक्ति केंद्र
राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर

www.familialforestry.org
X: @habitathealer · F: @habitathealer · Insta: @habitat_healer

पुस्तिका डिज़ाइन : Communication Department, Familial Forestry Mission

copyright loksankalp.org